**FORM G**

**INVITATION FOR EXPRESSION OF INTEREST FOR SANCHETI BUILDTECH PRIVATE LIMITED OPERATING IN (Retail and Realestate)**

**AT**
**13, HARI SEWA MARG, BHILWARA, Rajasthan, India - 311001.**

(Under sub-regulation (1) of regulation 36A of the Insolvency and Bankruptcy Board of India (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016)

| SL. | RELEVANT PARTICULARS | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the corporate debtor along with PAN & CIN/ LLP No. | Sancheti Buildtech Private Limited<br>PAN : AACCN5776F<br>CIN : U50103RJ1994PTC009165 |
| 2. | Address of the registered office | 13, HARI SEWA MARG, BHILWARA, Rajasthan, India - 311001. |
| 3. | URL of website | Not available |
| 4. | Details of place where majority of fixed assets are located | In and around Bhilwara District, Rajasthan |
| 5. | Installed capacity of main products/ services | Not Available |
| 6. | Quantity and value of main products/ services sold in last financial year | Not Available |
| 7. | Number of employees/ workmen | Not Available |
| 8. | Further details including last available financial statements (with schedules) of two years, lists of creditors are available at URL: | Available detail can be sought by email at cirp.sancheti@gmail.com |
| 9. | Eligibility for resolution applicants under section 25(2)(h) of the Code is available at URL: | Eligibility criteria is mentioned in the Detailed Expression of Interest and can be obtained from RP through the following Email ID cirp.sancheti@gmail.com |
| 10. | Last date for receipt of expression of interest | 30-09-2024 (Monday) |

| | | |
|---|---|---|
| 11. | Date of issue of provisional list of prospective resolution applicants | 10-10-2024 (Thursday) |
| 12. | Last date for submission of objections to provisional list | 15-10-2024 (Tuesday) |
| 13. | Date of issue of final list of prospective resolution applicants | 25-10-2024 (Friday) |
| 14. | Date of issue of information memorandum, evaluation matrix and request for resolution plans to prospective resolution applicants | 30-10-2024 (Wednesday) |
| 15. | Last date for submission of resolution plans | 29-11-2024 (Friday) |
| 16. | Process email id to submit Expression of Interest | cirp.sancheti@gmail.com |

**Rishabh Chand Lodha**
**IBBI/IPA-001/IP-P01075/2017-18/11766**
**E-5, Shraman Basant Vihar, Gandhi Nagar ,Bhilwara,Rajasthan ,311001**
**For Sancheti Buildtech Private Limited**

**Date : 14.09.2024**
**Place : Bhilwara**

**आज का सार**

*रफेल नडाल ने अगले सप्ताह बर्लिन में होने वाले लावेर कप से नाम वापिस ले लिया जिससे यह अस्पष्ट हो गया है कि स्पेन का यह महान टेनिस खिलाड़ी आगे कब खेलेगा। लावेर कप से ही रोजर फेडरर ने 2022 में टेनिस को अलविदा कहा था जिन्होंने युगल में नडाल के साथ खेला था।*

# बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट के लिये टीम इंडिया ने अभ्यास शुरू किया

**बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट 19 सितंबर से खेला जायेगा। यह श्रृंखला विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र का हिस्सा है।**

**चेन्नई** ■ भाषा/डेस्क

एक महीने के ब्रेक के बाद भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिये अभ्यास शुरू कर दिया है। बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट 19 सितंबर से खेला जायेगा। कप्तान रोहित शर्मा, चैम्पियन बल्लेबाज विराट कोहली समेत पूरी टीम यहां एम ए चिदंबरम स्टेडियम पर एकत्र हुई। नये गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल और सहायक कोच अभिषेक नायर भी मौजूद थे।

बीसीसीआई ने पहले दिन के अभ्यास की तस्वीरें साझा करके लिखा, उलटी गिनती शुरू। टीम इंडिया ने रोमांचक घरेलू सत्र के लिये तैयारी शुरू कर दी। तस्वीरों में दिखाया




गया है कि पूरी टीम गंभीर, सहयोगी स्टाफ और कप्तान रोहित की बात ध्यान से सुन रही है। इससे पहले पीली जर्सी पहने रोहित सुरक्षाकर्मियों के घेरे में हवाई अड्डे से बाहर निकले जबकि विराट लंदन से सीधे तड़के यहां पहुंचे हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, बल्लेबाज केएल राहुल, विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत बृहस्पतिवार को ही यहां पहुंच गए थे।

खिलाड़ी एक महीने से अधिक के ब्रेक के बाद मैदान पर लौटेंगे। अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ वनडे श्रृंखला में भारत को पराजय का सामना करना पड़ा था। नये कोच गौतम गंभीर के साथ यह पहली टेस्ट श्रृंखला है। बांग्लादेश ने हाल ही में पाकिस्तान को टेस्ट श्रृंखला में 2-0 से हराया है।

यह श्रृंखला विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र का हिस्सा है। भारत को इसके बाद न्यूजीलैंड से तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला और आस्ट्रेलिया में पांच मैचों की बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला खेलनी है। भारत डब्ल्यूटीसी में 68 . 52 प्रतिशत अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि आस्ट्रेलिया 62 . 52 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। बांग्लादेश 45 . 83 प्रतिशत अंक लेकर चौथे स्थान पर है। दूसरा टेस्ट 27 सितंबर से कानपुर में खेला जायेगा।

## सार समाचार

### क्रैस्टो-कपिला की जोड़ी सेमीफाइनल में

**हो ची मिन्ह सिटी, भाषा।** भारत की तनीषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी ने शुक्रवार को यहां पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करके वियतनाम ओपन सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ध्रुव और तनीषा की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने 44 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में सतीश कुमार करुणाकरण और आद्या वरियाथ की हमवतन शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को 14-21, 21-10, 21-14 से हराया। थारुन मन्नेपल्ली का शानदार अभियान हालांकि अंतिम आठ के मुकाबले में समाप्त हो गया। वह पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जापान के शोगो ओगावा से 13-21, 13-21 से हार गए। क्रैस्टो और कपिला को लय में आने में समय लगा। शुरुआती गेम में सतीश और आद्या हावी रहे। इसके बाद क्रैस्टो और कपिला ने अच्छा खेल दिखाया और दूसरे गेम में आसानी से जीत दर्ज की।

### अनवर अली का निलंबन वापस

**नई दिल्ली, भाषा।** दिल्ली उच्च न्यायालय को शुक्रवार को बताया गया कि अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की 'प्लेयर्स स्टेटस कमेटी (पीएससी)' भारत के डिफेंडर अनवर अली को निलंबित करने का अपना आदेश वापस ले लेगी। एआईएफएफ की ओर से पेश वकील ने न्यायमूर्ति संजीव नरूला के समक्ष कहा कि इस मुद्दे पर शनिवार को समिति द्वारा नए सिरे से विचार किया जाएगा और सभी पक्षों को सुनने के बाद 'विस्तृत आदेश' पारित किया जाएगा। अदालत पीएससी के फैसले के खिलाफ अली और उनकी वर्तमान टीम ईस्ट बंगाल और मूल क्लब दिल्ली एफसी की याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

### अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड टेस्ट एक भी गेंद फेंके बगैर रद्द

**ग्रेटर नोएडा, भाषा।** अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच एकमात्र टेस्ट शुक्रवार को एक भी गेंद फेंके बगैर लगातार बारिश के कारण रद्द हो गया और टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसी स्थिति आठवीं बार आई है। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सात बार ही ऐसा हुआ है जब एक भी गेंद फेंके बिना मैच रद्द हुआ हो। पिछली बार ऐसा 26 साल पहले 1998 में हुआ था। उस समय भी न्यूजीलैंड टीम ही थी जिसे डुनेडिन में भारत से खेलना था। उसी साल और उसी दिन फैसलाबाद में पाकिस्तान और जिम्बाब्वे का टेस्ट भी घने कोहरे के कारण बिना किसी खेल के रद्द किया गया था। भारत में पहली बार कोई टेस्ट एक भी गेंद फेंके बगैर रद्द हुआ है। पहले दो दिन गीली आउटफील्ड के कारण खेल नहीं हो सका जिससे शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर की मैच की मेजबानी की क्षमता पर सवाल उठे हैं। बाकी तीन दिन बारिश के कारण खेल रद्द हो गया। शुक्रवार की सुबह पिच का मुआयना किया गया लेकिन अभी भी आउटफील्ड में उन जगहों पर पानी जमा है जो ढकी नहीं हैं।

# विराट कोहली ने की लंबी बल्लेबाजी

**चेन्नई** ■ भाषा/डेस्क

एक महीने के ब्रेक के बाद भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिये अभ्यास शुरू कर दिया है और पहले अभ्यास सत्र में चैम्पियन बल्लेबाज विराट कोहली ने नेट पर 45 मिनट बिताये जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने भी जमकर अभ्यास किया। बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट 19 सितंबर से खेला जायेगा।

कप्तान रोहित शर्मा, कोहली समेत पूरी टीम यहां एम ए चिदंबरम स्टेडियम पर एकत्र हुई। नये गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल और सहायक कोच अभिषेक नायर भी मौजूद थे। बीसीसीआई ने पहले दिन के अभ्यास की तस्वीरें साझा करके लिखा, उलटी गिनती शुरू। टीम इंडिया ने रोमांचक घरेलू



सत्र के लिये तैयारी शुरू कर दी। तस्वीरों में दिखाया गया है कि पूरी टीम गंभीर, सहयोगी स्टाफ और कप्तान रोहित की बात ध्यान से सुन रही है।

एक स्थानीय सूत्र ने बताया, विराट करीब 45 मिनट वहां था और बुमराह ने भी लगातार गेंदबाजी की। इससे पहले पीली जर्सी पहने रोहित सुरक्षाकर्मियों के घेरे में हवाई अड्डे से बाहर निकले जबकि विराट लंदन से सीधे तड़के यहां पहुंचे हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, बल्लेबाज केएल राहुल, विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत बृहस्पतिवार को ही यहां पहुंच गए थे।

खिलाड़ी एक महीने से अधिक के ब्रेक के बाद मैदान पर लौटेंगे। अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ वनडे श्रृंखला में भारत को पराजय का सामना करना पड़ा था। नये कोच गौतम गंभीर के साथ यह पहली टेस्ट श्रृंखला है। बांग्लादेश ने हाल ही में पाकिस्तान को टेस्ट श्रृंखला में 2-0 से हराया है। यह श्रृंखला विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र का हिस्सा है।

# नडाल ने बर्लिन में लावेर कप से नाम वापिस लिया

**बर्लिन** ■ एपी/डेस्क

रफेल नडाल ने अगले सप्ताह बर्लिन में होने वाले लावेर कप से नाम वापिस ले लिया जिससे यह अस्पष्ट हो गया है कि स्पेन का यह महान टेनिस खिलाड़ी आगे कब खेलेगा। लावेर कप से ही रोजर फेडरर ने 2022 में टेनिस को अलविदा कहा था जिन्होंने युगल में नडाल के साथ खेला था। नडाल ने पेरिस ओलंपिक के बाद से नहीं खेला है।

उन्होंने कहा, मुझे यह बताते हुए निराशा हो रही है कि मैं अगले सप्ताह बर्लिन में लावेर कप नहीं खेल सकूंगा। यह टीम स्पर्धा है और मैं टीम यूरोप का समर्थक हूं। मुझे वही करना है जो टीम के लिये सर्वश्रेष्ठ है और इस समय दूसरे खिलाड़ी हैं जो टीम को जिता सकते हैं।



38 वर्ष के इस खिलाड़ी ने इस बारे में कुछ नहीं कहा कि उनकी फिटनेस कैसी है या वह आगे कब खेलेंगे। बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नडाल ने पिछले महीने अमेरिकी ओपन में भाग नहीं लिया था।

## आर्थिकी/कंपनियां

# सेंसेक्स, निफ्टी रिकॉर्ड स्तर से फिसले


**मुंबई** ■ भाषा/डेस्क

स्थानीय शेयर बाजारों के एक दिन पहले रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद शुक्रवार को मुनाफावसूली का असर दिखा और दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी हल्की गिरावट के साथ बंद हुए।

उतार-चढ़ाव से भरे कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 71.77 अंक यानी 0.09 प्रतिशत गिरकर 82,890.94 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 309.49 अंक टूटकर 82,653.22 पर आ गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 32.40 अंक यानी 0.13 प्रतिशत गिरकर 25,356.50 पर आ गया।

इस तरह कारोबारी सप्ताह का समापन गिरावट के साथ हुआ। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में 1,707.01 अंक यानी 2.01 प्रतिशत और निफ्टी में 504.35 अंक यानी 2.02




प्रतिशत का उछाल रहा। मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत तापसे ने कहा, ₹शुरुआती कारोबार में गिरावट आने के बाद बाजार ने अपने नुकसान की काफी हद तक भरपाई कर ली। एक दिन पहले बाजार में आई जबर्दस्त तेजी के बाद कारोबार एक दायरे में ही रहा। निवेशकों को अब फेडरल रिजर्व की अगले सप्ताह होने वाली बैठक के नतीजे का इंतजार रहेगा।

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स को सर्वाधिक 1.37 प्रतिशत का नुकसान उठाना पड़ा।

### सरकार ने प्याज पर न्यूनतम निर्यात मूल्य को हटाया

**नई दिल्ली, भाषा।** सरकार ने प्याज के निर्यात के लिए पहले तय की गई न्यूनतम मूल्य सीमा (एमईपी) शुक्रवार को हटा दी। इससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्याज की अधिकता के बीच भारतीय किसानों को स्थितियों का लाभ उठाने में मदद मिलेगी।

सरकार ने पहले न्यूनतम निर्यात मूल्य के तौर पर 550 डॉलर प्रति टन की सीमा तय की थी।

इसका मतलब यह था कि किसान इस दर से कम कीमत पर अपनी उपज विदेश में नहीं बेच सकते थे। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना जारी कर तत्काल प्रभाव से न्यूनतम निर्यात मूल्य को हटा दिया। यह कदम महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले उठाया गया है, जो प्याज का प्रमुख उत्पादक राज्य है। इस कदम से प्याज के निर्यात को बढ़ावा मिलने की संभावना है।

डीजीएफटी ने अपनी अधिसूचना में कहा, ''प्याज के निर्यात पर न्यूनतम निर्यात मूल्य की शर्त तत्काल प्रभाव से और अगले आदेश तक हटा दी गई है।''

# मुद्रास्फीति कम हुई लेकिन हमें अभी पूरा करना है सफर: दास

**सिंगापुर** ■ भाषा/डेस्क

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कहा कि भारत में मुद्रास्फीति कम हुई है, लेकिन हमें अभी सफर पूरा करना है।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित भारत की खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त में 3.65 प्रतिशत रही। यह लगातार दूसरा महीना है, जब मुद्रास्फीति चार प्रतिशत से कम रही।

सरकार ने आरबीआई को यह सुनिश्चित करने का काम सौंपा है कि मुद्रास्फीति चार प्रतिशत पर बनी रहे, जिसमें ऊपर नीचे की और दो प्रतिशत की घटबढ़ हो सकती है।

दास ने यहां ब्रेटन वुड्स कमेटी के कार्यक्रम 'फ्यूचर ऑफ फाइनेंस फोरम 2024' में अपने संबोधन के दौरान कहा,



"मुद्रास्फीति अप्रैल 2022 में अपने चरम 7.8 प्रतिशत से कम होकर चार प्रतिशत के लक्ष्य के आसपास संतोषजनक स्तर पर आ गई है, लेकिन हमें अभी भी सफर तय करना है और हम दूसरी तरफ देखने का जोखिम नहीं उठा सकते।" आरबीआई के अनुमानों से संकेत मिलता है कि मुद्रास्फीति 2023-24 में 5.4 प्रतिशत से घटकर 2024-25 में 4.5 प्रतिशत और 2025-26 में 4.1 प्रतिशत हो जाएगी।

गवर्नर ने कहा कि वैश्विक आर्थिक गतिविधि और व्यापार ने बड़े पैमाने पर नकारात्मक जोखिमों को झेला है, लेकिन मुद्रास्फीति का अंतिम पड़ाव चुनौतीपूर्ण साबित हुआ है। इससे वित्तीय स्थिरता के जोखिम भी पैदा हुए हैं।

दास ने कहा, वैश्विक मुद्रास्फीति में कमी की गति धीमी हो रही है, जिससे मौद्रिक नीति को उदार बनाने में सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंकों को मौद्रिक नीति का प्रबंधन सोच-विचार करके करना चाहिए और सरकार को आपूर्ति पक्ष के उपायों पर ध्यान देना चाहिए।

## परदेश खास

# हैरिस के साथ अब और प्रेसिडेंशियल डिबेट नहीं, ट्रंप का ऐलान

**वाशिंगटन** ■ आईएएनएस/डेस्क

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि वह उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ अब किसी अन्य प्रेसिडेंशियल डिबेट में हिस्सा नहीं लेंगे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रंप ने गुरुवार को दावा किया कि उन्होंने मंगलवार रात को फिलाडेल्फिया में एबीसी न्यूज द्वारा आयोजित बहस जीती है।

रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप ने हैरिस पर आरोप लगाया कि उन्होंने फॉक्स न्यूज, एनबीसी न्यूज और सीबीएस न्यूज की तरफ से बहस के निमंत्रण को स्वीकार नहीं किया। वहीं डेमोक्रेटिक उम्मीदवार



हैरिस ने गुरुवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मतदाताओं के प्रति हमारा यह दायित्व है कि हम एक और बहस करें।

हैरिस की प्रचार टीम ने भी पहली बहस में जीत का दावा किया है। टीम की ओर से पहले जारी एक बयान के अनुसार, उपराष्ट्रपति हैरिस ने अमेरिकी लोगों के लिए महत्वपूर्ण हर मुद्दे को लेकर मंच पर अपनी पकड़ बनाए रखी।

शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, बहस देखने वालों के सीएनएन सर्वे से पता चला है कि 63 प्रतिशत लोग इस बात से सहमत थे कि हैरिस ने फिलाडेल्फिया बहस में बेहतर प्रदर्शन किया। फॉक्स न्यूज के मुताबिक, पैनल में शामिल 12 मतदाताओं ने सोचा कि हैरिस ने बहस जीती, जबकि पांच का मानना था कि ट्रंप जीते। कई लोगों ने कहा कि ट्रंप को नहीं पता कि राष्ट्रपति पद की दौड़ में अपने नए प्रतिद्वंद्वी पर कैसे हमला किया जाए।

### रूस ने ब्रिटिश राजनयिकों पर लगाया जासूसी का आरोप

**लंदन, भाषा।** ब्रिटेन ने रूस द्वारा उसके राजनयिकों के जासूसी में संलिप्त होने के आरोपों को शुक्रवार को 'पूरी तरह से निराधार' करार दिया। इससे पहले रूस ने छह ब्रिटिश राजनयिकों की मान्यता रद्द कर दी थी, जिनके बारे में कहा जाता है कि वे कुछ सप्ताह पहले ही देश छोड़ चुके हैं। विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ने कहा कि ब्रिटेन अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा को लेकर कोई कोई 'खेद नहीं' है। उसने रूस की एफएसबी सुरक्षा सेवा द्वारा लगाए गए आरोपों को भी खारिज कर दिया।

रूस द्वारा ब्रिटिश राजनयिकों की मान्यता वापस लेने यह खबर ऐसे समय में आई है जब ब्रिटिश प्रधानमंत्री सर कीर स्टॉर्मर यूक्रेन युद्ध और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की द्वारा रूस के अंदर मौजूद लक्ष्यों को पश्चिमी देशों द्वारा मुहैया कराई गई मिसाइलों से हमले की अनुमति मांगने के मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से बातचीत करने के लिए वाशिंगटन पहुंचे हैं। ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, एफएसबी द्वारा हमारे कर्मचारियों के खिलाफ आज लगाए गए आरोप पूरी तरह से निराधार हैं। इसमें कहा गया है, रूस के अधिकारियों ने पिछले महीने रूस में छह ब्रिटिश राजनयिकों की राजनयिक मान्यता रद्द कर दी थी। यह कार्रवाई यूरोप और ब्रिटेन में रूसी सरकार द्वारा निर्देशित गतिविधियों के जवाब में ब्रिटेन सरकार द्वारा की गई कार्रवाई के बाद की गई थी। हम अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के बारे में दृढ़ हैं। एफएसबी ने कहा कि छह ब्रिटिश राजनयिकों द्वारा खुफिया जानकारी एकत्र करने के संकेत मिले थे और उन्हें 'हमारे देश को रणनीतिक रूप से पराजित करने' का काम सौंपा गया था।

**प्रपत्र— 'जी'**
**अभिरुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण**
**संचेती बिल्डटैक प्राइवेट लिमिटेड का (खुदरा और रियल एस्टेट) में परिचालन**
भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36ए (1) के अधीन
**प्रासंगिक विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **कॉर्पोरेट देनदार का नाम साथ में पैन/सीआईएन/एलएलपी नं.** | **संचेती बिल्डटैक प्राइवेट लिमिटेड** पैन: AACCN5776F \| सीआईएन: U50103RJ1994PTC009165 |
| 2. | पंजीकृत कार्यालय का पता | 13, हरि सेवा मार्ग, भीलवाड़ा, राजस्थान, भारत – 311001 |
| 3. | वेबसाइट का यूआरएल | उपलब्ध नहीं है |
| 4. | उस स्थान का विवरण जहां अधिकांश अचल संपत्तियां स्थित हैं | राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में और उसके आसपास |
| 5. | मुख्य उत्पादों / सेवाओं की स्थापित क्षमता | उपलब्ध नहीं है |
| 6. | मुख्य उत्पादों की मात्रा और मूल्य / पिछले वित्तीय वर्ष में बेची गई सेवाएं | उपलब्ध नहीं है |
| 7. | कर्मचारियों / कामगार की संख्या | उपलब्ध नहीं है |
| 8. | दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरण (अनुसूची के साथ), लेनदारों की सूची, प्रक्रिया की बाद की घटनाओं के लिए प्रासंगिक तिथियां सहित अधिक विवरण यहां उपलब्ध हैं | उपलब्ध विवरण ईमेल **cirp.sancheti@gmail.com** द्वारा मांगा जा सकता है |
| 9. | संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यहां उपलब्ध है | पात्रता मानदंड विस्तृत अभिरुचि अभिव्यक्ति में उल्लिखित है और इसे निम्नलिखित ईमेल **cirp.sancheti@gmail.com** के माध्यम से आरपी से प्राप्त किया जा सकता है |
| 10. | अभिरुचि की अभिव्यक्ति की प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि | **30 सितंबर 2024 (सोमवार)** |
| 11. | संभावित समाधान आवेदकों की अंतरिम सूची जारी करने की तिथि | **10 अक्टूबर 2024 (बृहस्पतिवार)** |
| 12. | अंतरिम सूची के बारे में आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | **15 अक्टूबर 2024 (मंगलवार)** |
| 13. | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि | **25 अक्टूबर 2024 (शुक्रवार)** |
| 14. | संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स और समाधान योजना के लिए अनुरोध जारी करने की तिथि | **30 अक्टूबर 2024 (बुधवार)** |
| 15. | समाधान योजनाएं जमा करने की अंतिम तिथि | **29 नवंबर 2024 (शुक्रवार)** |
| 16. | ईओआई जमा करने के लिए संसाधित ईमेल आईडी | **cirp.sancheti@gmail.com** |

**तिथि** : 14.09.2024
**स्थान** : भीलवाड़ा

**हस्ता / –**
**ऋषभ चंद लोढ़ा**
**पंजीकरण सं.**: IBBI/IPA-001/IP-P01075/2017-18/11766
**पता** : ई–5, श्रमण बसंत विहार, गांधी नगर, भीलवाड़ा, राजस्थान–311001
संचेती बिल्डटैक प्राइवेट लिमिटेड के लिए